हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 29 अप्रैल 2026

11 ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारियों ने दो घंटे किया प्रदर्शन



12 मेहनत की कमाई से दान-पुण्य करना चाहिए : जज नरेंद्र सूरा



॥ तमसो मा ज्योतिर्गमय ॥
MR SCHOOL
Affiliated to CBSE
MITTERPURA | ATELI
A Name of Dedication, Hardwork and Sincerity
FOUNDATION / JEE / NEET COACHING with Aakash Faculty Experts
ADMISSION OPEN Session 2026-27
MR SCHOOL Aakash Medical IIT-JEE Foundation
Aakash की FACULTY अब MR SCHOOL के साथ
MITTERPURA, NARNAUL (HR.)
9466945658, 9416903367
mrps530543@gmail.com www.mrpublicschool.com
NARNAUL ROAD, ATELI
8278085868, 9416903367
mrpsateli@gmail.com www.mrpsateli.in

## खबर संक्षेप

### विरासत ए संस्कार विषय पर प्रतियोगिता आज

**नारनौल।** रोटरी क्लब रॉयल्स की ओर से समाज में नैतिक मूल्यों व भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजवंशी स्कूल दौचाना में 29 अप्रैल को 10 बजे विरासत ए संस्कार विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जागएा। रोटरी क्लब प्रधान रोटेरियन दिनेश भार्गव ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों व नागरिकों से अपील की कि वे इस पहल का हिस्सा बनें और बच्चों को ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

### जॉब सिक्योरिटी पोर्टल दोबारा खोलने की मांग

**महेंद्रगढ़।** ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकनिकल कर्मचारी यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल ब्रांच प्रधान सुरेंद्र फौजी ने बताया कि हमारे महेंद्रगढड़ मंडल के अंतर्गत जॉब सिक्योरिटी में 142 कर्मचारियों का डाटा एचओडी को भेज दिया गया है, लेकिन साइट लास्ट समय धीरे चलने की वजह से 64 कर्मचारियों का डाटा एचओडी को नहीं भेजा गया। जिसके लिए यूनियन शिष्टमंडल ने कार्यकारी अभियंता अमित जैन से मिले। मौके पर साइट को दोबारा ओपन करने का पत्र उच्च अधिकारियों को लिखवाया गया। कार्यकारी अभियंता ने दूरभाष से भी एचओडी पीके बंसल से बात की और साइट को दोबारा ओपन करने की मांग रखी।

### फतेहपुर सरपंच उपचुनाव में अब सीधा मुकाबला

**मंडी अटेली।** अटेली खंड के गांव फतेहपुर में 10 मई को होने वाले सरपंच पद के उपचुनाव को लेकर तस्वीर साफ हो गई है। पांच उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने के बाद मंगलवार को नाम वापसी के अंतिम दिन तीन प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस ले लिए, जिससे अब मुकाबला आमने-सामने का बन गया है। जानकारी के अनुसार सरपंच पद इस बार महिला के लिए आरक्षित है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान सुमन पत्नी सुरेंद्र, अंजना पत्नी संदीप कुमार, सीमा यादव पत्नी दीपक कुमार, बिमला और पूजा शर्मा पत्नी वेदप्रकाश ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। मंगलवार को अंजना, बिमला और पूजा शर्मा ने नामांकन वापस ले लिया। इसके बाद अब केवल दो प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं। अब चुनावी मुकाबला सीमा पत्नी दीपक कुमार और सुमन पत्नी सुरेंद्र के बीच होगा। गांव की नई मतदाता सूची के अनुसार कुल 1247 मतदाता हैं, जिनमें 646 पुरुष और 601 महिला वोटर शामिल हैं।

## तेज अंधड़ के साथ हल्की बारिश से कई जगह गिरे पेड़ और बिजली के खंभे

**कई घंटे अंधेरे में डूबा रहा शहर**

# आंधी-बारिश ने खोली नारनौल की बिजली व्यवस्था की पोल

*सिटी सिक्स फीडर क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित, गांवों में सुबह तक नहीं लौटी सप्लाई, गर्मी और उमस के बीच इनवर्टर भी फेल, बच्चों-बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गर्मियों की शुरुआत में ही सोमवार शाम आई तेज आंधी और हल्की बारिश ने शहर की बिजली व्यवस्था की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी। मौसम के अचानक बदले मिजाज के चलते तेज हवाओं के साथ आई आंधी ने शहर के कई हिस्सों में पेड़ और बिजली के खंभे गिरा दिए, जिससे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। इस अंधड़ में पेड़ों एवं पक्षियों को भी नुकसान पहुंचा।

हालात ऐसे बने कि अधिकांश शहर रात करीब 11 बजे तक अंधेरे में डूबा रहा और लोगों को भीषण गर्मी व उमस के बीच भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इससे जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया।

सोमवार देर शाम करीब साढ़े छह से सात बजे के बीच अचानक मौसम बदला और तेज अंधड़ चलना शुरू हो गया। इससे शहर में सड़कों, गली–मोहल्लों में खंभों पर टंगे होर्डिंग एवं बैनर आदि उखड़ कर फट गए। लोहे के टीनशेड एवं चद्दरें उड़ गई। इसके साथ हल्की बारिश भी हुई। आंधी की शुरुआत होते ही एहतियात के तौर पर महेंद्रगढ़ रोड और लाल पहाड़ी क्षेत्र स्थित पावर हाउसों से बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। हालांकि इसके बाद तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के पोल गिर गए, जिससे आपूर्ति बहाल करने में काफी समय लग गया।





**नारनौल।** एडीसी कार्यालय गेट के सामने उखड़ा पड़ा स्ट्रीट लाइट का पोल, पुल बाजार के पास अंधड़ में झुका पोल। *फोटो : हरिभूमि*

### सिटी सिक्स फीडर क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित

आंधी-तूफान का सबसे अधिक असर सिटी सिक्स फीडर क्षेत्र में देखने को मिला। यहां के उपभोक्ताओं को देर रात तक बिजली संकट का सामना करना पड़ा। इसके अलावा रघुनाथपुरा, ढाणी किरारोद और आसपास के कई गांवों में भी हालात गंभीर रहे। रघुनाथपुरा गांव में तो मंगलवार सुबह तक भी बिजली आपूर्ति पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी, जिससे ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई। शहर के अन्य इलाकों में भी चार से पांच घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। इस दौरान लोग गर्मी और मच्छरों के बीच परेशान होते रहे। खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घरों के अंदर उमस भरी गर्मी और बाहर मच्छरों के प्रकोप ने लोगों की रात मुश्किल कर दी।

### इनवर्टर भी दे गए जवाब

लंबे समय तक बिजली गुल रहने के कारण घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए। आमतौर पर कुछ समय तक राहत देने वाले इनवर्टर की बैटरियां भी लगातार कटौती के चलते ठप हो गईं। इसके चलते लोगों को पूरी रात बिना पंखे और कूलर के गुजारनी पड़ी। कई घरों में छोटे बच्चों और बुजुर्गों की तबीयत पर भी इसका असर देखा गया। स्थानीय निवासियों ने बिजली विभाग की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि हर साल आंधी-बारिश के दौरान इसी तरह की स्थिति बन जाती है। इसके बावजूद विभाग की ओर से स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि बिजली लाइनों का रखरखाव और मजबूत व्यवस्था पहले से की जाए तो इस तरह की समस्या से काफी हद तक बचा जा सकता है।

### सुरक्षा के मद्देनजर बंद करनी पड़ी सप्लाई

आंधी-तूफान के दौरान बिजली के पोल, ट्रांसफार्मर और कंडेक्टर गिरने से जान-माल के नुकसान का खतरा बना रहता है। इसी को देखते हुए एहतियात के तौर पर पहले ही बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी। आंधी थमने के बाद टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य शुरू किया और धीरे-धीरे आपूर्ति बहाल की गई।

**-मोहम्मद अजहरुद्दीन,** सिटी एसडीओ, बिजली निगम, नारनौल।

## नारनौल में जन समस्याओं पर सहकारिता मंत्री करेंगे सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा 29 अप्रैल को जिले के नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए नारनौल पहुंचेंगे। वे स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में दोपहर एक बजे आयोजित होने वाली जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसमें पहले से निर्धारित 12 मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे, जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से समाधान किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने बताया कि जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग का एक, सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां महेंद्रगढ़ का एक, पुलिस अधीक्षक का एक, अतिरिक्त उपायुक्त का एक, लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क के दो, जिला नगरीय आयुक्त नगर पालिका सचिव नांगल चौधरी का एक, सहायक खनन अभियंता का एक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का एक, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी महेंद्रगढ़ का एक, पंचायती राज नारनौल खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी महेंद्रगढ़ का एक, रेलवे विभाग, जिला नगरीय आयुक्त जन स्वास्थ्य एवं अभियंता की विभाग का एक मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव नांगल कालिया के मुकेश स्वामी, हरिद्वारलाल व अन्य नोमनी टैनर्स स्माल इंटरप्राइजेज कोऑपरेटिव सोसाइटी महेंद्रगढ़, गांव कोका की कविता, मंढाणा के सीताराम, अब्दुल्ला नगर के कर्मवीर, ग्राम पंचायत अगिहार, इसराना, सिहोर, झगड़ौली व कोटिया के समस्त इलाका वासी, गांव मोहनपुर नांगल चौधरी वार्ड नंबर एक के नरेश, अशोक व अन्य ग्राम वासी, मोहनपुर के रविंद्र, ग्राम पंचायत बलाहा कलां के सरपंच, ग्राम पंचायत जाट के ईश्वर सिंह व अन्य, मालड़ा सराय का अजीत सिंह व सामाजिक संस्थाओं द्वारा एक मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा।

## विकास व सुमेर ने नामांकन पत्र लिया वापस



**कनीना।** नगर पालिका वार्ड संख्या 14 के लिए होने वाले उपचुनाव के मंगलवार को नामांकन पत्र वापसी की प्रक्रिया के दौरान विकास व सुमेर सिंह ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिया। चुनाव रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि 25 अप्रैल तक कुल आठ नामांकन पत्र दाखिल हुए थे। जिनकी 27 अप्रैल को जांच होने के बाद 28 अप्रैल को नामांकन पत्र वापसी के बाद अब कुल छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में शेष रह गए हैं। उन प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए हैं। अब उप चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 मई को मतदान कराया जाएगा तथा 13 मई को मतगणना होगी।

## आंधी से गुढ़ा केमला रेलवे प्लेटफार्म पर पेड़ गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

रेवाड़ी बीकानेर रेल मार्ग के अंतर्गत गुढ़ा केमला रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर पीपल का पेड़ तेज आंधी से गिर गया। वर्षों पुराना पीपल का पेड़ गिरने से पेयजल के लिए बनाया गया टीनशेड भी क्षतिग्रसत हो गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों व रेल कर्मचारियों ने इसे बड़ी राहत बताया। दिन के समय यहां यात्रियों की आवाजाही रहती है। पेड़ की शाखाओं के कारण लेटफार्म का रास्ता अवरुद्ध हो गया, जिसे सुबह के समय ग्रामीणों ने हटाकर साइड में किया।



**कनीना।** गुढ़ा केमला रेलवे स्टेशन पर आंधी से गिरे पेड़। *फोटो : हरिभूमि*

## बस रोकने को लेकर चालक परिचालक में हुआ विवाद

**नारनौल।** हरियाणा रोडवेज डिपो की बस में चालक-परिचालक के बीच ढाबे पर बस रोकने को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। दिल्ली से झुंझुनूं रूट पर चलने वाली बस में यह विवाद उस समय हुआ जब चालक की ओर से बस को निर्धारित स्टॉप से पहले ढाबे पर रोका गया। बस परिचालक जितेंद्र ने आरोप लगाया कि चालक विनोद कुमार ने रेवाड़ी की सवारियों को बस में बैठाने से मना कर दिया और बस को ढाबे पर रोकने पर जोर दिया, जिससे यात्रियों को परेशानी हुई तथा विभाग को आर्थिक नुकसान पहुंचा। परिचालक के विरोध करने पर चालक ने कथित रूप से गाली-गलौच की, धमकाया व मारपीट तक की। परिचालक की शिकायत के अनुसार झुंझुनूं बस स्टैंड पर चालक ने परिचालक को झूठे एससी/एसटी केस में फंसाने की धमकी भी दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों कर्मचारियों के बीच तीखी बहस देखी जा रही है। यात्रियों ने भी इस विवाद पर नाराजगी जताई और बस को समय पर रवाना करने की मांग की। परिचालक ने महाप्रबंधक रोडवेज डिपो को लिखित शिकायत देकर मामले की निष्पक्ष जांच व चालक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई और भविष्य में अलग ड्यूटी लगाने की मांग की है।

## फायर कर्मियों के समर्थन में नपा सफाई कर्मियों की भूख हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर संघ इकाई ने दूसरे दिन कार्मिक भूख हड़ताल की, जिसकी अध्यक्षता इकाई प्रधान भूपेंद्र सारवान ने की, जिसमें राज्य कमेटी के नेतागण भी शामिल हुए। नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य कैशियर महेंद्र सगेलिया व सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिव महेंद्र बोयत, जिला प्रधान कौशल यादव, नगर पालिका के जिला प्रधान राहुल सारवान, अग्निशमन विभाग इकाई नारनौल के प्रधान गुरदयाल सिंह, इकाई प्रधान भूपेंद्र सारवान ने बताया कि हमने दूसरे दिन कार्मिक भूख हड़ताल की है। जब तक हमारे शहीदी फायर कर्मियों के साथ इंसाफ नहीं किया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जाए। अभी तो हम सफाई कर्मचारियों ने दूसरे दिन कार्मिक भूख हड़ताल की। अगर सरकार हमारी मांगों का समाधान नहीं करती है तो हम काम छोड़ हड़ताल भी कर सकते हैं। या तो समय रहते सफाई कर्मचारी व अग्निशमन विभाग की मांगों को पूरा किया जाए अन्यथा सरकार को बड़ा आंदोलन का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।



**नारनौल।** भूख हड़ताल पर नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## कनीना में बंदर पकड़ने का कार्य पुनः शुरू, 2 दिन में 75 पकड़े

**कनीना।** नगर पालिका प्रशासन की ओर से टेंडर वर्क ऑर्डर जारी करने के बाद बंदर पकड़ने का कार्य बीते नवंबर माह में शुरू किया गया था। जिसके चलते शुरूआती दौर में कुछ बंदर पकड़े गए थे। इसके बाद ठेकेदार ने बंद पिंजरे आने की बात कहकर कुछ दिन बाद अभियान शुरू करने को कहा था। दो दिन पूर्व पुनः बंदर पकड़ों अभियान शुरू किया गया। जिसके अंतर्गत सोमवार को 30 व मंगलवार को 45 बंदर काबू किए गए। इस बंदरों को रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में छोड़े जाने की बात कही जा रही, लेकिन ठेकेदार की ओर से उन्हाणी, गुढ़ा, बुचावास सहित नजदीक ही छोड़ा जा रहा है। जिससे बंदर कनीना के नजदीकी गांवों में पहुंच गए हैं, जो उत्पात मचा कर घरेलू सामान को क्षतिग्रस्त कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। हालांकि बंदर पकड़े जाने के बाद नगरवासियों को उत्पात मचाने वाले बंदरों से निजात मिलेगी। नपा चेयरपर्सन चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा व सचिव कपिल कुमार ने बताया कि बंदरों के आतंक से आमजन परेशान था।



**कनीना।** पकड़े गए पिंजरे में बंद बंदर।

**रिपोर्ट** | डीसी ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की बैठक में पेश की जिले की प्रगति रिपोर्ट

# जल संचय जन भागीदारी 2.0: डार्क जोन से उबरने के लिए लगाए 150 इंजेक्शन वेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रधानमंत्री के जल संचय विजन को धरातल पर उतारने और जिला महेंद्रगढ़ को डार्क जोन श्रेणी से बाहर निकालने के लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता से जुटा हुआ है। इसी क्रम में मंगलवार को जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार की ओर से देश के डार्क जोन और क्रिटिकल जिलों के साथ आयोजित की गई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने जिले की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में जल संचय जन भागीदारी -2.0 के तहत भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिले की रिपोर्ट साझा करते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने बताया कि महेंद्रगढ़ में जल स्तर को सुधारने के लिए विशेष तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में अब तक विभिन्न नदियों में 150 इंजेक्शन वेल लगाए जा चुके हैं एवं 250 अन्य इंजेक्शन वेल लगाए जाने का कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र ही पूर्ण कर दिया जाएगा। इन इंजेक्शन वेलों का मुख्य उद्देश्य मानसून के दौरान नदियों और नालों में आने वाले अतिरिक्त वर्षा जल को सीधे जमीन के भीतर पहुंचाना है, ताकि भूजल का तेजी से रिचार्ज किया जा सके। इसके अतिरिक्त हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण बोर्ड के सेक्टर - 1 में निर्मित भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण करके वर्षा जल का उपयोग भूजल रिचार्ज करने में किया जा रहा है ।

उन्होंने बताया कि जिले में जल संचय अभियान के तहत अब तक कुल 353 कार्य पूरे कर लिए गए हैं, जबकि 17 विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग इस अभियान की नोडल एजेंसी है। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निर्मल नागर, सिंचाई विभाग के एक्सईएन डॉ. इंजीनियर संदीप नासिर, मिकाडा के एक्सईएन सुनित राठी व डीडीए डॉ. देवेंद्र सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




**नारनौल।** वीडियो कांफ्रेंस में मौजूद उपायुक्त अनुपमा अंजलि। *फोटो : हरिभूमि*

### डीसी की अपील, जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनें नागरिक

उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने कहा कि जल ही जीवन है और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सहेजना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। जिला महेंद्रगढ़ के सभी नागरिकों से अपील है कि वे जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनें। मानसून आने वाला है, ऐसे में सभी अपने घरों की छतों व सभी सरकारी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर का निर्माण पर वाटर रिचार्ज सिस्टम करवाए, ताकि बारिश की एक-एक बूंद व्यर्थ बहने के बजाय हमारे भूजल स्तर को बढ़ाने में काम आ सके। उन्होंने कहा कि आमजन कि सरकारी प्रयासों के साथ-साथ जब तक हर नागरिक इस मुहिम से नहीं जुड़ेगा तब तक वांछित परिणाम मिलना कठिन है।



# डॉन 3 बंद नहीं होगी, पर्दे पर जरूर दिखेगी कहानी

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक व अभिनेता फरहान अख्तर की डॉन 3 पिछले काफी वक्त से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली डॉन 3 अपनी कास्टिंग को लेकर विवाद में फंस गई है। फिल्म में पहले रणवीर सिंह के लिए जाने और बाद में उनके फिल्म से बाहर होने के चलते, अब फरहान के प्रोडक्शन हाउस ने रणवीर पर हर्जाना देने का दावा किया है। मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया तक भी पहुंच चुका है। डॉन 3 को एक महत्वपूर्ण फिल्म बताते हुए फरहान ने कहा कि फिल्म को बंद नहीं किया जाएगा। यह उन शानदार कहानियों में से एक है, जिसे मैं अब पर्दे पर उतारना चाहता हूं।

लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी के सेट से सामने आया नया लुक



अनीत पड्डा इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म 'शक्ति शालिनी' की एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इस छोटे से वीडियो ने तुरंत सबका ध्यान खींचा है, खासकर उनके दमदार नए अवतार की वजह से, जो उनकी पहले की छवि से बिल्कुल अलग है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वीडियो के वायरल होने के बाद से इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा और भी बढ़ गई है। सैयारा (2025) में एक सिंपल और सहज किरदार निभाने के बाद अनीत शक्ति शालिनी के साथ एक कहीं अधिक मुश्किल रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उन्हें डबल रोल्स में दिखाया जाएगा- शक्ति, एक रक्षक शक्ति, और शालिनी, एक अधिक क्रूर और विनाशकारी व्यक्तित्व। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने कहानी को गुप्त रखा है, लेकिन उनके किरदारों के बीच का अंतर पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद से ही इंटरनेट पर लोगों ने प्यार दिखाया है। सोशल मीडिया पर दर्शक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं और अनीत को शुभकामनाएं और 'उन्हें और टीम को ढेर सारी बधाई जैसे कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, मैडॉक को उम्मीद है कि यह फिल्म अच्छी बनेगी। अनीत और टीम को शुभकामनाएं, कई लोगों ने वीडियो को शेयर करके भी इस पर गाने लगाए हैं। 2025 में अनीत पड्डा को आधिकारिक तौर पर शक्ति शालिनी की लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था, जिससे वह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के साथ भी जुड़ गईं। 21 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हुई फिल्म थामा के पोस्ट-क्रेडिट सीन में पहली बार उनके किरदार की झलक दिखाई गई थी।

हॉलीवुड मसाला



# कॉन्सर्ट में होने वाला था हमला!

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में ऑस्ट्रिया की राजधानी में टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में जिहादी हमले की योजना बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। 21 साल के ऑस्ट्रियाई युवक को 2024 में सीआईए से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। युवक पर वियना के दक्षिण में स्थित एक अदालत में मुकदमा चल रहा है। केवल बेरान ए नाम से पहचाने जाने वाले इस युवक को मंगलवार को हथकड़ियों में वियना न्यूस्टाड्ट स्थित अदालत में पेश किया गया, जहां उस पर आतंकवाद और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।



# फास्ट फॉरएवर की तैयारी में जुटे विन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार विन डीजल ने फास्ट एंड फ्यूरियस की अपनी को-एक्ट्रेस जोर्डाना ब्रियुस्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। विन डीजल ने एक्ट्रेस के जन्मदिन पर साथ में तस्वीर साझा करते हुए एक दिल छू लेने वाला नोट भी साझा किया है। विन डीजल अपनी अगली फिल्म 'फास्ट फॉरएवर' की तैयारी कर रहे हैं। ये इस फ्रैंचाइजी की 11वीं मुख्य फिल्म और कुल मिलाकर 12वीं फिल्म है। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, यह फिल्म दो दशकों से अधिक समय से चल रही कहानी को समाप्त करने और 'फास्ट एक्स' द्वारा छोड़े गए सस्पेंस को सुलझाने की उम्मीद है। विन डीजर ने जोर्डाना ब्रियुस्टर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में दोनों प्यार से एक-दूसरे के कंधे पर सिर रखे खड़े हैं।



# दूसरी प्रेग्नेंसी की ऐलान के बाद दिखीं...


**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने 19 अप्रैल को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था, जिससे फैंस खुशी से झूम उठे थे। अब वह पहली बार पब्लिक के बीच नजर आईं। साथ में रणवीर सिंह भी थे। दीपिका और रणवीर को साथ में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। दीपिका ने ब्लू कलर की ढीली-ढाली शर्ट पहनी थी, पर उसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। वहीं, रणवीर गाड़ी से उतरने के बाद दीपिका को एयरपोर्ट तक संभालकर ले जाते थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एयरपोर्ट पर पपाराजी को पोज देने के लिए नहीं रुके और सीधा अंदर चले गए। इस दौरान रणवीर, दीपिका को प्रोटेक्ट करते नजर आए। उन्होंने पहले दीपिका की गाड़ी से उतरने में मदद की और फिर कमर पर हाथ लगाकर एयरपोर्ट पर अंदर ले गए।



# दिलजीत ने जिमी को सिखाया भांगड़ा

**नई दिल्ली।** सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ की फैन फॉलोइंग ग्लोबल स्तर पर है। यही वजह है कि अब दिलजीत जिमी फैलन के 'द टुनाइट शो' में दो साल बाद वापसी करने जा रहे हैं। साल 2024 में दिलजीत ने 'द टुनाइट शो' में अपने डेब्यू से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अब फिर से इस शो में वापसी की घोषणा के बाद, दिलजीत का एक वीडियो वायरल है, जिसमें वो जिमी फैलन को भांगड़ा सिखाते नजर आ रहे हैं। ये एपिसोड 'द टुनाइट शो' के आगामी एपिसोड का है, जहां दिलजीत एक बार फिर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर शो के स्टूडियो से एक वीडियो शेयर किया। शो के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने भी कुछ क्लिप शेयर किए, जिनमें दिलजीत के शो में लाए गए मस्ती भरे पलों की झलक दिखाई गई है।


टीवी मसाला



# स्प्लिट्सविला 16 की प्रतियोगी प्रीत के साथ हुआ हादसा...

**नई दिल्ली।** एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 16 की प्रतियोगी प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने साथ हुए एक हादसे के बारे में बताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई के एक क्लब में उनके साथ मारपीट हुई। इसके बाद उनका एक दांत टूट गया और आंखें सूज गईं। स्प्लिट्सविला 16 से प्रीत को जल्द ही बाहर कर दिया गया। ऐसा तब हुआ जब वह विशु बजाज के साथ ओरेकल के पास गईं, लेकिन उन्हें आइडियल मैच घोषित नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें शो से एलिमिनेट होना पड़ा। इस शो को सनी लियोनी और करण कुंद्रा होस्ट करते हैं। इसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर प्रीत ने अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि उनकी आंखें सूजी हुई हैं। कैप्शन में, उन्होंने विस्तार से घटना के बारे में बताया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा 'चेतावनी। मैंने हमेशा सुना है कि मुंबई लड़कियों के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। मगर, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मेरा स्वागत इस तरह करेगा। जब मैं यह लिख रही हूं, तब भी मैं कांप रही हूं। मेरी आंखें सूजी हुई हैं। मेरे चेहरे पर चोट के निशान हैं। मैं अभी भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि आखिर हुआ क्या।' उन्होंने बताया कि उनके साथ क्या हुआ। उन्होंने लिखा, 'मैं बस एक क्लब में अपनी दोस्त के साथ बैठी समय बिता रही थी, तभी अचानक एक लड़की चिल्लाने लगी और सवाल करने लगी कि हमें अंदर आने की इजाजत कैसे मिली।

## जल्द ही समाप्त होने वाला है नागिन-7



**नई दिल्ली।** टीवी की क्वीन कही जाने वाली निर्माता एकता कपूर ने अपने हिट सुपरनेचुरल शो नागिन 7 को लेकर एक अहम अपडेट साझा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि मौजूदा सीजन जल्द ही समाप्त होने वाला है और अगले साल इसे फिर से शुरू करने की योजना है। नागिन 7 का फिनाले एपिसोड अब 7 जून को टेलीकास्ट होगा, उस दिन एकता कपूर का जन्मदिन भी है। मौजूदा सीजन में प्रियंका चाहर चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में कहानी उनके किरदार से जुड़े एक गहन लव ट्रायंगल पर केंद्रित रही है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शो के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर बात करते हुए स्पष्ट किया कि सीजन को समाप्त करने का फैसला आंशिक रूप से शेड्यूलिंग की वजह से लिया गया है। उन्होंने कहा, 'नागिन को लेकर कुछ अपडेट देने आई हूं। दोस्तों, मैंने कल एक पोस्ट किया था और मुझे एहसास नहीं था कि हम अचानक शो खत्म करने वाले हैं।

# तीन दशक बाद साथ नजर आएंगे तब्बू और नागार्जुन



**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने अपनी 100वीं तेलुगु फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। फिल्म का नाम फिलहाल 'किंग 100' है। अब फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू भी शामिल हो गई हैं। तब्बू इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के जरिए दशकों बाद तब्बू और नागार्जुन एक साथ किसी प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए फिल्म से खुद के जुड़ने और शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी। तब्बू ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें फिल्म के टाइटल वाला क्लैपरबोर्ड एक काली कुर्सी पर रखा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'और हम शुरू करते हैं किंग100।'इसके साथ ही तब्बू ने हैशटैग में नागार्जुन का नाम लिखा है और मेकर्स को मेंशन किया है।'किंग 100' के जरिए तब्बू और नागार्जुन लगभग 30 साल बाद साथ में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू साल 1996 में आई रोमांटिक फिल्म 'निन्ने पेल्लादाता' में साथ नजर आए थे। अब दर्शक तीन दशक बाद दोनों को एक ही फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, 'किंग 100' की कास्ट और क्रू व फिल्म की कहानी के बारे में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो तब्बू हाल ही में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आई हैं। इस फिल्म में परेश रावल, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। वहीं, नागार्जुन को आखिरी बार पिछले साल आई रजनीकांत की तमिल एक्शन फिल्म 'कुली' में देखा गया था।

# इंस्पेक्टर से लेकर विलेन तक की निभाई भूमिका

**नई दिल्ली।** भरत कपूर ने फिल्मों में लीड एक्टर के अलावा साइड एक्टर के तौर पर काम किया। उन्होंने फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भी उन्होंने अपना दबदबा बनाया। बॉलीवुड में 1970, 80 और 90 के दशक की कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता भरत कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। पिछले कुछ समय से भरत कपूर की तबीयत खराब चल रही थी। उनकी उम्र 80 साल थी।

### कैसे मिला फिल्मों में काम?

भरत कपूर का सफर संघर्षों से भरा रहा। वह थिएटर आर्टिस्ट थे। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद ने उन्हें फिल्मों में सबसे पहला ब्रेक दिया था। चेतन आनंद ने भरत



को एक नाटक में अभिनय करते देखा था। उस नाटक का नाम था 'तनहाई'। भरत का अभिनय चेतन को पसंद आया। चेतन ने जब भरत को फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया तो उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। भरत ने चेतन आनंद की दो फिल्मों हंसते जख्म और हिंदुस्तान की कसम में काम किया।

### लीड एक्टर के तौर पर

भरत कपूर ने अपने कॅरियर में एक ऐसी फिल्म की, जिसमें वह लीड रोल में थे। यह फिल्म गुप्त ज्ञान (1974) थी। यह फिल्म यौन शिक्षा पर आधारित थी। इसमें वह सेक्सोलोजिस्ट की भूमिका में थे। फिल्म काफी हिट रही थी। एक और फिल्म थी, जिसमें भरत ने हीरो का किरदार निभाया था। इसका नाम 'क्षितिज' था। हालांकि बतौर हीरो भरत कपूर को कामयाबी नहीं मिली।

### मुख्य फिल्में

बाजार (1982) में भरत कपूर ने अखतर हुसैन की दमदार भूमिका निभाई, जिसे आलोचकों ने सराहा। आखिरी रास्ता (1986) में उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ खलनायक का रोल किया, जिसे खूब पसंद किया गया। सोने पे सुहागा (1988) में उन्होंने प्रकाश का किरदार निभाया था, इससे उन्हें पहचान मिली। उन्होंने जंगल में मंगल (1972), दिल से मिले दिल (1978), पुलिस लॉक-अप (1995) और हिम्मतवर (1996) में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई।

### खलनायक के रोल में मिली कामयाबी

भरत कपूर ने कई फिल्मों में अभिनय किया। हालांकि, उन्हें विलेन के किरदार में कामयाबी मिली। साल 1979 में आई यश चोपड़ा की फिल्म नूरी में भरत कपूर ने बतौर विलेन काम किया। इसमें उन्होंने बशीर खान का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें तारीफ मिली। भरत कपूर की यादगार फिल्मों में सोने पे सुहागा (1988), बलिदान (1985) और मीनाक्षीः टेल ऑफ 3 सिटीज (2004), बरसात (1995) और साजन चले ससुराल (1996) हैं।

## अगले 2 साल में रिलीज होंगी 12 फिल्में

# ये माइथोलॉजिकल फिल्में एआई के दम पर मचाएंगी धमाल

*नई दिल्ली। साल 2026 और 2027 सिनेमा के लिहाज से काफी अहम रहने वाला है। इस साल पहले चार महीनों में बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने कमाई के मामले में शानदार प्रदर्शन करके दिखाया है। अब साल के बाकी महीनों में भारतीय सिनेमा की तरफ से माइथोलॉजिकल जॉनर की मूवीज का दबदबा*



*देखने को मिलेगा। जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वीएफएक्स टेक्नोलॉजी का एक अलग लेवल का इस्तेमाल नजर आएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि आने वाले अगले दो सालों में कौन-कौन सी मोस्ट अवेटेड 12 माइथोलॉजिकल मूवीज बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।*

**रामायण पार्ट-1** : इसकी शुरुआत सुपरस्टार रणबीर कपूर की बहुचर्चित फिल्म रामायण पार्ट-1 से होगी, जिसका निर्देशन फिल्ममेकर नितेश तिवारी ने किया है। 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली वीएफएक्स कंपनी और हॉलीवुड स्टूडियो डीएनईजी रामायण में वीएफएक्स का काम संभाल रही है। दीवाली 2026 पर इस पौराणिक कहानी वाली फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

**चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल** : भारत की पहली एआई-पावर्ड पौराणिक फिल्म है, चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल का ऐलान बीते साल किया गया था। इतना ही नहीं 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जयंती के अवसर पर इसकी रिलीज डेट भी फाइनल की गई थी। लेकिन, खबरों की मानें तो इस मूवी को आगे के लिए शेड्यूल कर दिया गया है।

**महावतार** : करीब दो साल पहले मैडॉक फिल्म्स की तरफ से विक्की कौशल स्टारर फिल्म महावतार की घोषणा की गई थी, जिसमें छावा एक्टर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो महावतार को अगले साल थिएटर्स में रिलीज किया जा सकता है।

**जय हनुमान** : तेलुगू मूवी 'हनु-मैन की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने इसके सीक्वल जय हनुमान का एलान किया था। माना जा रहा है कि इस मूवी की शूटिंग इसी साल शुरू होगी और 2027 में ये रिलीज की जाएगी। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी भगवान हननमान की भूमिका में नजर आएंगे। इस मूवी के लिए मोशन पिक्चर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

**महाकाली** : अभिनेता अक्षय खन्ना की अपकमिंग फिल्म भी माइथोलॉजिकल जॉनर से नाता रखती है। तेलुगु सिनेमा की पेशकश महाकाली को अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा सकता है।

**सीता- द इनकार्नेशन** : साल 2021 में अभिनेत्री कंगना रनौत ने फिल्म सीता- द इनकार्नेशन का आधिकारिक एलान किया था। इस मूवी की रिलीज का फैंस बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। अगले साल हो सकता है ये रिलीज की जाए।

**द्रौपदी** : बताया जा रहा है कि लेडी सुपरस्टार दीपिका पादुकोण का प्रोडक्शन हाउस महाभारत के लोकप्रिय पात्र द्रौपदी पर एक फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इसकी अनाउंसमेंट और रिलीज डेट की जानकारी आना बाकी है।

***कल्कि पार्ट 2*** *: साउथ सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर नाग अश्विन की मोस्ट अवेटेड मूवी कल्कि पार्ट 2 का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अमिताभ बच्चन, कमल हासन और प्रभास स्टारर इस माइथोलॉजिकल और साइंस फिक्शन थ्रिलर का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि अगले साल ये साउथ मूवी बड़े पर्दे पर दस्त दे सकती है।*

***रामायण 2*** *: फिल्म रामायण को दो भागों में बनाया गया है। जिसका दूसरा भाग अगले साल दीवाली के मौके पर रिलीज के लिए शेड्यूल किया गया है, इसमें युद्ध कांड की कहानी को दर्शाया जाएगा।*

***महावतार परशुराम*** *: महावतार नरसिम्हा जैसी ब्लॉकबस्टर एनिमेटेड मूवी बनाने वाले होम्बले फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की अगली फिल्म एनिमेटेड माइथोलॉजिकल फिल्म का नाम महावतार परशुराम है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा हाल ही में हुई है। 3D एनिमेशन और एनीमे टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से बनी इस मूवी को अगले साल दिसंबर 2027 में रिलीज किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### स्व जनगणना के लिए दो दिन शेष, जल्द करें गणना

**नारनौल।** उपायुक्त अनुपमा अंजली ने जिलावासियों से जनगणना अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। डीसी ने स्पष्ट किया कि पोर्टल बंद होने में अब मात्र दो दिन का समय शेष है। ऐसे में नागरिक 30 अप्रैल तक पोर्टल पर जाकर अपनी स्व-जनगणना का कार्य जल्द से जल्द पूरा करें। उपायुक्त ने कहा कि जनगणना केवल एक प्रशासनिक कवायद नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है और आधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए सरकार ने इस बार नागरिकों को घर बैठे ही अपना विवरण दर्ज करने की बेहतरीन सुविधा दी है, जिससे आंकड़ों की सटीकता और समय की बचत दोनों सुनिश्चित होंगे।

### बैंक की छत पर फटा तिरंगा लहराने का वीडियो वायरल

**नारनौल।** शहर में फटे हुए तिरंगे का मामला एक बार फिर सामने आया है। कुछ दिन पहले महाराजा अग्रसेन चितवन वाटिका में फटा हुआ तिरंगा लहराने का मामला सामने आया था। उसके बाद प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पुराना झंडा उतरवाकर नया तिरंगा लगवाया था। अब शहर के सिंघाना रोड स्थित सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की छत पर फटा हुआ तिरंगा लहराने का वीडियो सामने आया है। यह वीडियो मांदी निवासी भालेंद्र यादव ने साझा किया है। वीडियो में बैंक भवन की छत पर लगा राष्ट्रीय ध्वज स्पष्ट रूप से फटा हुआ दिखाई दे रहा है। भालेंद्र ने वीडियो के माध्यम से इसे तिरंगे का अपमान बताते हुए बैंक प्रशासन व स्थानीय प्रशासन की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं।

### पोता स्कूल के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया श्रेष्ठ स्थान

**कनीना।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पोता के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के छात्रों का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा है, जिससे पूरे गांव में खुशी का माहौल है। गत वर्ष बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र पंकज कुमार व सुमन ने जेईई मेन्स में 96.6 परसेंटाइल प्राप्त कर परिवार, विद्यालय और गांव का नाम गौरवान्वित किया है। इसी क्रम में छात्रा आरती कुमारी ने स्नातक के प्रथम वर्ष के पहले सेमेस्टर में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

### स्व-गणना में जरूर लें भागः एसडीएम

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम योगेश सैनी ने बताया कि हरियाणा में जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना प्रक्रिया 16 से शुरु हो गई है, जो 30 अप्रैल तक चलेगी। इस दौरान नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपनी जनगणना से जुड़ी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) का कार्य किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि सरकार ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि उनकी सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रखी जाएगी तथा इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय और विकास कार्यों के लिए किया जाएगा।

## प्रदर्शन का मुख्य कारण कार्यालय प्रशासन की घोर लापरवाही

# ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारियों ने दो घंटे किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन शाखा की ओर से प्रधान दीपक शांडिल्य व जिला प्रधान सुभाष यादव की अध्यक्षता में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग डिवीजन नंबर एक कार्यालय के बाहर दो घंटे का शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन का मुख्य कारण कार्यालय प्रशासन की घोर लापरवाही है, जिसके चलते जॉब सिक्योरिटी पोर्टल पर डेटा सत्यापन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निकल जाने के बावजूद 309 में से 205 कर्मचारियों का डेटा डीडीओ स्तर पर सत्यापित नहीं हो पाया, जबकि यूनियन की ओर से इस संबंध में समय-समय पर मौखिक आग्रह व 23 अप्रैल को लिखित पत्र के माध्यम से बार-बार आगाह किया गया था। उन्होंने कहा कि खेद का विषय है कि विभाग की इस अनदेखी के कारण अब पोर्टल पर सत्यापन का विकल्प बंद हो चुका है, जिससे कर्मचारियों का भविष्य संकट में पड़ गया है। साथ ही एचकेआरएन कर्मचारियों की एक्सटेंशन 31 मार्च को ही समाप्त हो चुकी थी, लेकिन प्रशासन की ओर से समय रहते अप्रूवल न भेजने तथा 31 दिसंबर 2025 की बैठक में बनी सहमति के बावजूद कर्मचारियों की अन्य जायज मांगों का समाधान न होने से कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। इस प्रदर्शन में तरूण यादव, कृष्णकांत, मनोज शर्मा, राकेश शर्मा, सुनील, पवन कुमार, शिव लाल, भूपसिंह, गोपीराम सहित यूनियन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई कर डेटा सत्यापन व अन्य मांगों का समाधान तुरंत नहीं किया गया, तो यूनियन आगामी समय में बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने को मजबूर होगी।



नारनौल। नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। मरीजों की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### चितलांग में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

*महेंद्रगढ़। गांव चितलांग में मंगलवार को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय टीबी स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया गया। उप स्वास्थ्य केंद्र देवास के सहयोग से लगे इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। शिविर में 14 वर्ष से अधिक आयु के 120 मरीजों की शुगर, ब्लड प्रेशर, लंबाई एवं वजन की जांच की गई। जांच के दौरान 11 टीबी के संदिग्ध मरीज मिलने पर उनके बलगम के नमूने लेकर कनीना लैब में जांच के लिए भेजे गए हैं। इस दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र देवास से डॉ. हिमांशु, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सतीश खैरवाल, रोशनी, शर्मीला तथा आशा वर्कर पूजा और सरोज मौजूद रहीं। सीएचसी कनीना से एसटीएस पवन कुमार भी शिविर में शामिल हुए। स्वास्थ्य कार्यकर्ता सतीश खैरवाल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, लेकिन समय पर पहचान और छह महीने के नियमित उपचार से यह पूरी तरह ठीक हो जाती है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा टीबी मरीजों को निःशुल्क दवा के साथ पोषण के लिए एक हजार रुपये प्रतिमाह की राशि सीधे बैंक खाते में दी जाती है। गांव में ही जांच की सुविधा मिलने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई और सरकार की इस पहल की सराहना की। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महेंद्रगढ़ जिले के सभी गांवों में इसी तरह के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।*

# कन्या जन्म पर वार्ड पांच में मनाया भव्य उत्सव

## कुआं पूजन, सम्मान और सामूहिक भोज से दिया समानता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर के वार्ड नंबर पांच में कन्या जन्म पर लड़के के जन्म की तरह उत्सव मनाते हुए नवजात कन्या की माता का कुआं पूजन करवाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति अवार्डी, नगरपालिका उपप्रधान मंजू कौशिक ने सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समाज को बेटा-बेटी को समान रूप से देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना बेटियों के समाज की कल्पना भी नहीं जा सकती। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार ने भी लड़कियों के लिए अनेक योजनाएं चला रखी है। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो चाहे खेलकूद का क्षेत्र हो। हमारी बेटियां लड़कों से किसी तरह से कम नहीं है। मोहल्ला बिढाटान में आठ मार्च को हर्षवर्धन कौशिक के यहां उनकी पौत्री ने जन्म लिया। कन्या के जन्म को शुभ मानते हुए दादा अशोक कौशिक, दादी निर्मला देवी, सरोज देवी, ताऊ सौरभ ताई रेणु, हेमंत, सरीता सहित समस्त परिवार ने निर्णय लिया कि कन्या के जन्म को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। तभी से सभी पारंपरिक रीति रिवाजों निर्वहन करते हुए नवजात कन्या की मां रसमिता पत्नी मनीष कुमार का कुआं पूजन करवाया गया। आंगनबाड़ी वार्ड नं पांच से पिंकी कौशिक, आशावर्कर राजबाला, हैल्पर दीपा कौशिक ने भी सरकार की योजना के अनुरूप नवजात कन्या व परिजनों को सम्मान किया।


महेंद्रगढ़। परिवार को सम्मानित करती नपा उप प्रधान मंजू कौशिक व पिंकी कौशिक। फोटो : हरिभूमि

# स्व-गणना अभियान को मिला जोर प्रशासन ने किया जागरूकता का आह्वान

■ स्व-गणना में महेंद्रगढ़ बना सक्रिय, अंतिम तिथि से पहले पूर्ण करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़ उपमंडल के विभिन्न सरकारी कार्यालय एवं महाविद्यालयों में स्व-गणना अभियान को व्यापक स्तर पर सफलतापूर्वक संचालित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा महाविद्यालयों के शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया और पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना प्रक्रिया को पूर्ण किया। एसडीएम योगेश सैनी ने जनगणना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक लोगों को अंतिम तिथि से पूर्व स्वयं गणना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे, ताकि महेंद्रगढ़ जिला हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सके। चार्ज ऑफिसर जनगणना एवं तहसीलदार अजय कुमार ने कहा कि स्व-गणना प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ बनाया गया है, जिससे आम नागरिक आसानी से इसमें भाग ले सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे 30 अप्रैल तक इस प्रक्रिया को पूर्ण करें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। जिला समन्वयक जनगणना अनिकेत यादव ने कहा कि सेल्फ एन्यूमरेशन प्रक्रिया को पूरी तरह सरल, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाया गया है, ताकि प्रत्येक नागरिक आसानी से अपनी जानकारी दर्ज कर सके। उन्होंने अपील की कि सभी लोग अंतिम तिथि से पहले स्वयं गणना अवश्य पूर्ण करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें, जिससे महेंद्रगढ़ जिला जनगणना में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके।


महेंद्रगढ़। कर्मचारियों की बैठक लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर तहसील कानूनगो नरेश सिंह, पटवारी एसोसिएशन के प्रधान सोनू तंवर, दिनेश शर्मा, हरिश रोहिल्ला सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से आह्वान किया गया कि वे स्व-गणना अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाकर महेंद्रगढ़ जिले को उत्कृष्ट प्रदर्शन की श्रेणी में लाने में सहयोग करें।

# शहर हुआ राधामय, गूंजे राधे नाम के जयकारे



*नारनौल। प्रभात फेरी संगठन के तत्वावधान में मंगलवार को 192वीं प्रभात फेरी पानी की टंकी नजदीक बंशीसिंह पार्क से निकाली गई। सर्वप्रथम मुख्य यजमान वीरेंद्र मोदी परिवार के सदस्यों ने पवित्र ज्योति प्रज्ज्वलित की। संगठन के संचालक घनश्याम गर्ग ने बताया कि प्रभात फेरी संगठन मुख्य यजमान की शादी की 25वीं सालगिरह पर निकाली गई। यात्रा मुख्य यजमान के निवास स्थान से शुरू होकर सिलाखाना, महता चौक, गुरुनानकपुरा, चौधरीयान मोहल्ला होते हुए यजमान के निवास पर संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि सुबह की प्रभात में ठाकुर जी व युगल सरकार की आरती कर सभी को चंदन तिलक लगाया। संजय सैनी ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर संगठन की ओर से आठ दिवसीय प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। संगठन सचिव मनीष गोयल ने बताया कि तीन मई की प्रभात फेरी महेंद्र सैनी मोती नगर के निवास स्थान से शुरू होगी। अंत में ठाकुर जी की आरती करके सनातन धर्म के जयकारों के साथ प्रसाद वितरण किया।*

# खंड कार्यालय में एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

*महेंद्रगढ़। एसडीएम योगेश सैनी ने मंगलवार को सतनाली खंड कार्यालय में समाधान शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनी और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को समाधान बारे निर्देश दिए। एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि अधिकारी आमजन की सभी शिकायतों को गंभीरता से लें और इनका समयबद्ध निपटान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का तत्परता से समाधान करते हुए शिकायतकर्ता को राहत पहुंचाने में विभागीय अधिकारी सजगता दिखाएं। समस्याओं का समाधान करके आमजन का जीवन सरल बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस भी विभाग की पुरानी शिकायतें लंबित हैं उनका शीघ्र समाधान करवाना सुनिश्चित करे और इसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।*



### पुलिस का डोर टू डोर चला नशा मुक्ति अभियान

*महेंद्रगढ़। आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए एसपी दीपक के दिशा-निर्देशों पर डोर टू डोर नशा मुक्त अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना सदर कनीना के गांव बवाना में निरीक्षक शारदा और उनकी टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस टीम ने गांव के मंदिर में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस उन लोगों को मुख्यधारा में लाने का पूरा प्रयास कर रही है जो नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं। जो भी नशा पीड़ित व्यक्ति इस दलदल से बाहर निकलना चाहता है, पुलिस उसकी हर संभव मदद करेगी। इसके साथ ही, ग्रामीणों को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। नशा मुक्ति के साथ-साथ पुलिस टीम ने ग्रामीणों को नए आपराधिक कानूनों के प्रति भी जागरूक किया।*

# महाराणा प्रताप जयंती को लेकर किया गांवों का दौरा


नारनौल। ग्रामीणों को न्योता देते समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती का न्यौता देने के लिए प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने इसराणा, पड़तल, मोड़ी, गोमली, कटकई, मोहनपुर, भड़फ गांवों का दौरा किया। अतरलाल ने ग्रामीणों से जयंती समारोह में ज्यादा से ज्यादा पहुंचने का आह्वान करते हुए कहा कि संत, महापुरुष, योद्धा, शहीद किसी एक जाति समुदाय के नहीं होते बल्कि सम्पूर्ण देश की आन, बान, शान होते हैं। उनकी स्मृति में आयोजित कार्यक्रमों में सभी को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। सभी गांवों में ग्रामीणों ने जयंती समारोह में बढ़ चढ़कर भाग लेने का भरोसा दिया। इस मौके पर भागसिंह चेयरमैन, राकेश यादव, दानसिंह प्रजापत, मीरसिंह वैद्य आदि उपस्थित थे।

## स्व-जनगणना को लेकर कॉलेज में लगाया प्रशिक्षण शिविर

# कॉलेज में डिजिटल जनगणना पर दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में स्व-जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने किया। प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने स्व-गणना की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी स्टाफ सदस्यों को निर्देशित किया कि वे शीघ्रता से अपनी स्व-गणना पूर्ण कर उसकी विवरणी कार्यालय में जमा करवाएं। साथ ही उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे अपने आसपास एवं समाज में भी स्व-गणना के प्रति जागरूकता फैलाएं ताकि अधिक से अधिक लोग इस प्रक्रिया में भाग ले सकें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर डॉ. सोमवीर एवं सहायक प्रोफेसर गगनदीप यादव उपस्थित रहे। उन्होंने डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया को सरल एवं व्यावहारिक ढंग से समझाया। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जा रही है, जिसमें नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने स्व-गणना के महत्व, इसके लाभ एवं प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि नागरिकों को सबसे पहले आधिकारिक पोर्टल पर मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करना होगा, तत्पश्चात ओटीपी सत्यापन के बाद लॉगिन कर परिवार से संबंधित लगभग 33 प्रश्नों के उत्तर भरने होंगे। फॉर्म सफलतापूर्वक जमा करने के बाद 12 अंकों की स्व-गणना आईडी प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक है, क्योंकि प्रगणक के सत्यापन के समय यही आईडी उपयोग में लाई जाएगी। उप-प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह ने कहा कि यह सभी के लिए गर्व का विषय है कि वे इस राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बन रहे हैं। स्व-गणना के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सरलता एवं प्रभावी ढंग से कर सकता है। उन्होंने सभी से इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया।


महेंद्रगढ़। प्रशिक्षण लेते कॉलेज के स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान एनसीसी प्रभारी प्रो. डॉ. कैप्टन शमशेर सिंह, डॉ. रेणु यादव, प्रो. विकास, डॉ. पविता यादव, डॉ. अश्विनी कुमार, शंकर, दुलीचन्द, सहायक चार्ज ऑफिसर जनगणना राजेश शर्मा झाड़ली, दीपक शर्मा, दिनेश शर्मा, हरिश रोहिल्ला सहित अन्य संकाय सदस्य एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट गर्मी से मिली लोगों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले में बीते दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के बीच तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया था। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता था और लोग घरों में रहने को मजबूर थे। गर्म हवाओं और तेज धूप ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया था। इसी बीच सोमवार सायं को मौसम ने अचानक करवट ली और क्षेत्र के कई हिस्सों में बूंदाबांदी व हल्की बारिश हुई। इसके बाद तापमान में करीब चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम में आई इस नरमी के कारण लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम विभाग के अनुसार नारनौल का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस व महेंद्रगढ़ का 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान नारनौल में 26 डिग्री व महेंद्रगढ़ में 25.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। तापमान में आई इस गिरावट के चलते मौसम अपेक्षाकृत सुहावना हो गया है, हालांकि दोपहर में हल्की उमस भी बनी रही। सोमवार को आसमान में बादल छाए रहे और बीच बीच में बूंदाबांदी होती रही।

### क्या कहते हैं मौसम विशेषज्ञ

इस बारे में मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए भी मौसम को लेकर पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के मुताबिक 30 अप्रैल तक मौसम परिवर्तनीय बना रहेगा। इस दौरान तेज आंधी, अंधड़, गरज चमक के साथ बारिश और बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है। साथ ही तेज हवाएं चलने की भी आशंका है, जिससे तापमान में और उतार चढ़ाव हो सकता है। कुल मिलाकर बूंदाबांदी के बाद तापमान में आई गिरावट ने जिलेवासियों को कुछ राहत दी है, लेकिन मौसम के बदलते रुख को देखते हुए आने वाले दिनों में सावधानी बरतना जरूरी रहेगा।

सार्वजनिक सूचना
मैं संतोष पत्नी उमेंद्र सिंह वासी मौहल्ला प्राणपुरा वार्ड नं. 5 नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा लडका राजदीप मेरे कहे अनुसार नहीं चलता है व आए दिन लडाई-झगडा करता रहता है। इसलिए मैं उसको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेता के चाचा का निधन

**मंडी अटेली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह राता के चाचा एवं राता खुर्द के पूर्व सरपंच धर्मचंद यादव का मंगलवार को निधन हो गया। वह करीब 75 वर्ष के थे और इसआयु में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। धर्मचंद यादव वर्ष 2016 से 2021 तक राता खुर्द के सरपंच रहे।



### राव नेतराम शिक्षा समिति ने की पाठ्य सामग्री वितरित



**नारनौल।** राव नेतराम शिक्षा समिति सलीमपुर अटेली मंडी की ओर से गांव मोहम्मदपुर में दिव्यांग गौरव पुत्र सतीश को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। राव नेतराम शिक्षा समिति सलीमपुर के सचिव कुबेर सिंह यादव ने बताया कि समिति की ओर से समय समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिससे संपूर्ण रूप से शिक्षण में असमर्थ बच्चों की हौसला बढ़ सकें। इस अवसर पर मोहम्मदपुर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, अनिल कुमार व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

### जैव विविधता पर हुआ कार्यक्रम

**नारनौल।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय नंगली में जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जैव विविधता के संरक्षण के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर बोर्ड के जिला समन्वयक देशराज शर्मा मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अध्यापक रणवीर सिंह ने की।

# सिगड़ी बनेगी रोल मॉडल ग्राम पंचायत, मिल सकेगी 24×7 पेयजल आपूर्ति

## वर्तमान स्थिति का किया अवलोकन, डोर टू डोर अभियान एक मई से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिले की ग्राम पंचायत सिगड़ी को 24×7 पेयजल आपूर्ति के लिए रोल मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस संबंध में जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने जानकारी देते हुए बताया कि जल जीवन मिशन 2.0 के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले से एक एक ग्राम पंचायत का चयन 24 घंटे पेयजल आपूर्ति के लिए किया जा रहा है, जिसमें महेंद्रगढ़ जिले से सिगड़ी ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। इस कड़ी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन तथा ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। सरपंच पूनम देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और ग्राम पंचायत को रोल मॉडल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि 24×7 पेयजल आपूर्ति शुरू करने से पहले जमीनी स्थिति का आकलन अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए प्रत्येक घरेलू नल कनेक्शन पर टोंटी और स्टैंड पोस्ट होना जरूरी है। साथ ही योजना की सफलता के लिए सामुदायिक सहभागिता भी महत्वपूर्ण है। बैठक में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों ने बताया कि गांव दो भागों में विभाजित है, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन सही स्थिति में हैं और उनमें टोंटी व स्टैंड पोस्ट लगे हुए हैं, जबकि शेष 40 प्रतिशत कनेक्शनों में सुधार की आवश्यकता है। इसके लिए घर घर सर्वे कर आवश्यक कार्य किए जाएंगे। कनिष्ठ अभियंता दीपचंद ने बताया कि ढांचागत सुधार के लिए जल्द ही जलघर का निरीक्षण कर आवश्यक कार्य चिन्हित किए जाएंगे। प्रत्येक घर के नलों पर टोंटी, स्टैंड पोस्ट व उचित कनेक्शन सुनिश्चित किए जाएंगे, ताकि 24 घंटे पानी की आपूर्ति के दौरान जल की बर्बादी न हो। उन्होंने बताया कि सिगड़ी गांव में वर्ष 2017 में निर्मित जलघर लगभग तीन एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें लगभग 26 लाख लीटर क्षमता का भूमिगत स्टोरेज टैंक तथा एक लाख लीटर क्षमता की ओवरहेड टंकी उपलब्ध है।

### विशेष रूप से महिलाओं को मिलेगी राहत

ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की सदस्य पिंकी व सीमा ने इस योजना पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे विशेष रूप से महिलाओं को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि पहले जहां पानी के लिए कुओं पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब हर घर नल से जल उपलब्ध है। अब 24×7 आपूर्ति से गांव को नई पहचान मिलेगी। सरपंच पूनम देवी ने विभागीय अधिकारियों को आश्वस्त किया कि सभी ग्रामीण इस योजना में पूर्ण सहयोग करेंगे। वहीं खंड संसाधन संयोजक मोहित कुमार ने बताया कि एक मई से गांव में जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। जिसके तहत ग्रामीणों को योजना एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर बीआरसी मोहित कुमार, सरपंच पूनम देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पिंकी, सीमाए नलकूप चालक हेमलता, संतोष, यशपाल, संजय कुमार, सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### निरंतर व गुणवत्तायुक्त जल आपूर्ति पर रहेगा ध्यान



कार्यकारी अभियंता अमित जैन ने बताया कि हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में 24×7 पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का कार्य जल जीवन मिशन के माध्यम से किया जा रहा है। इसके तहत पहले प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया और अब दूसरे चरण में निरंतर एवं गुणवत्तायुक्त जल आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिगड़ी गांव में पाइप लाइन नेटवर्क को मजबूत करने, प्रेशर मैनेजमेंट, जल भंडारण संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण तथा जल गुणवत्ता की नियमित जांच पर कार्य किया जाएगा। साथ ही डिजिटल मॉनिटरिंग एवं शिकायत निवारण प्रणाली भी लागू की जाएगी, जिससे जल आपूर्ति व्यवस्था पारदर्शी एवं प्रभावी बन सके।

## बीते तीन साल में करीब 45 ग्रामीणों की कैंसर से हो चुकी मौत

# बोरवेलों में छोड़े दूषित कैमिकल से गोठड़ी गांव का पानी हुआ जहरीला

### कैमिकल की धुआं से करीब 120 एकड़ में विभिन्न फसलों को होता है नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

अलग खबर

गांवों की आबोहवा सेहत के लिए फायदेमंद होती है। अब इस धारणा को इंडस्ट्रीज ने मिथ्या साबित करना शुरू कर दिया है, क्योंकि गोठड़ी गांव के पास राजस्थान के केशवाना में स्थापित इंडस्ट्रीज मालिक रिचार्ज बोरवेलों में दूषित कैमिकल छोड़ रहे हैं। वहीं फैक्ट्री के धुआं से ग्रामीणों की फसल तथा कैमिकल युक्त पेयजल से स्वास्थ्य खराब होने लगा है। बीते तीन साल के दौरान 45 से अधिक ग्रामीणों को कैंसर हो चुका, जिनकी लंबे उपचार के बाद मौत भी हो चुकी है। दूसरी ओर जहरीली धुआं के चलते नजदीकी करीब 120 एकड़ रकबे की फसल खराब हो जाती है। उल्लेखनीय है कि गोठड़ी गांव राजस्थान व हरियाणा की सीमा पर बसा हुआ है। गांव में 400 परिवार तथा पांच हजार से अधिक आबादी है। समीप ही राजस्थान के केशवाना में 25 साल से फैक्ट्री संचालित हैं। जहां बीते 10 साल में विभिन्न कारखानों की संख्या कई गुणा बढ़ गई। जिनमें अधिकतर फैक्ट्री कीटनाशक दवाई, इत्र, रबड़, प्लास्टिक बैग व कैमिकल का उत्पाद करती हैं। ऐसी उत्पाद प्रक्रिया में पर्यावरण और भूजल का सर्वाधिक दोहन होता है। विशेषज्ञों के अनुसार दवाई, इत्र को फिल्टर करने में हजारों ग्लेन पानी खराब होता है, जिसको खुले में डालने पर कई महीनों तक उसकी दुर्गंध खत्म नहीं होती। इसलिए इंडस्ट्रीज मालिकों ने जमीन में चौड़े चौड़े बोरवेल करवा लिए। इसी बोरवेल में कैमिकल युक्त दूषित पानी को छोड़ना आरंभ कर दिया। करीब 300 से 400 फीट की गहराई पर एक ही जलस्रोत होने के कारण यह दूषित कैमिकल गोठड़ी गांव के बोरवेलों से निकलने लगा है। गांव के बोरवेलों का पानी मटमैला हो गया। जिसका इस्तेमाल करने से ग्रामीणों को कैंसर व हार्ट की समस्या बढ़ गई है। परेशान ग्रामीणों ने कोटपूतली जाकर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया था, लेकिन सकारात्मक कार्रवाई नहीं होने के कारण हवा व जल प्रदूषण पर अंकुश नहीं लग पाया है।

### जहरीली गैस के प्रभाव से पौधों के जलते हैं पत्ते, फसलों को नुकसान

गांव के रामकरण कसाना पूर्व सरपंच, रामशरण ने बताया कि दवाई और कैमिकल इंडस्ट्रीज के पास लगभग 125 एकड़ रकबे पर विभिन्न फसलों की बिजाई होती है। हवा का रुख बदलते ही फैक्ट्री की जहरीली धुआं खेतों की तरफ आने लगती है, जिसके प्रभाव से फसल के साथ बड़े पेड़ों के पत्ते भी जल गए हैं। फुटाव के लिए ग्रामीण खाद व सिंचाई भी करते हैं, लेकिन कोई राहत नहीं मिलती।

### तीन साल में इनकी हो गई कैंसर से मौत

चिकित्सीय रिपोर्ट के अनुसार दल्लाराम, भागीरथ, गुरुदयाल, सत्यनारायण, नाथी देवी, पूर्णसिंह, कैलाशचंद, गुल्लाराम, गैंदाराम, नंदाराम, सवाई सिंह, मूलाराम, दिनेश कुमार, भाताराम, रामेश्वर सिंह, रामस्वरूप को कैंसर हुआ था, जिनका जयपुर, दिल्ली एम्स में लंबे उपचार के बाद देहांत हो गया।

### मोनोआक्साइड गैस से होता है फसलों को नुकसान

कृषि विभाग के बीएओ डॉ. हरीश यादव ने बताया कि गोठड़ी में फसल खराब होने की शिकायत नहीं मिली है। जल्द ही वहां जाकर स्थिति का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि कई इंडस्ट्रीज की धुआं में मोनोआक्साइड गैस होती है, जिससे फसलों को नुकसान संभव है। निरीक्षण रिपोर्ट के मुताबिक फसल के बचाव संबंधी योजना बनाई जाएगी।

### जमीन के नीचे बार्डर नहीं, जलस्रोतों का मिलना संभव

मंजू चौधरी ने बताया कि जमीन के गर्भ में नालियां हैं, जिनमें पानी बहता है। इस दूषित पानी का बहाव गोठड़ी तक पहुंचता है। जिसके इस्तेमाल से गोठड़ी व अन्य कई गांवों का पेयजल जहरीला हो रहा है। समाधान के लिए सदन की मार्फत सरकार को स्थिति से अवगत कराया गया था, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जिससे ग्रामीणों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। सेशन चलने पर सरकार को दूबारा दूषित पेयजल से अवगत कराया जाएगा।



### राव सुल्तान में विद्यार्थियों को दिलाई जल संरक्षण की शपथ

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बहेड़ा में विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान संस्थान निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव ने कहा कि यदि हम इसी प्रकार पानी का दुरुपयोग करते रहे, तो भविष्य में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि जल हमारे जीवन का आधार है और इसके बिना जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है। हम दैनिक जीवन में पीने, भोजन बनाने, स्नान करने और कृषि कार्यों के लिए पानी का उपयोग करते हैं, लेकिन इसके बावजूद हम इसका सही तरीके से संरक्षण नहीं कर पा रहे हैं। अक्सर लोग नल खुला छोड़ देते हैं और पानी को व्यर्थ बहने देते हैं, जिससे इसकी अनावश्यक बर्बादी होती है।



### श्री अनाथ गोशाला में किया टीनशेड का उद्घाटन

**नारनौल।** गोसेवा मंडल के सानिध्य में संचालित श्रीअनाथ गोशाला में गोमाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टीनशेड का निर्माण करवाया गया। यह पुण्य कार्य सीता देवी पत्नी रतन लाल पचेरिया (बड़ी पचेरी वाले) की ओर से श्रद्धापूर्वक करवाया गया। इस टीनशेड के निर्माण से गोशाला में रह रही गोमाताओं को धूप व वर्षा से राहत मिलेगी, जिससे उनके स्वास्थ्य व देखभाल में और सुधार होगा। इस अवसर पर गोसेवा मंडल के प्रधान सतपाल यादव ने कहा कि गोसेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। मंडल के संस्थापक मुकेश वालिया, सचिव रमेश यादव व राजेश यादव ने कहा कि गोमाता की सेवा भारतीय संस्कारों का अभिन्न हिस्सा है। इस मौके पर गोशाला प्रधान उज्जन पाल, सीता देवी, सुनील कुमार, सुरेश कुमार, प्रमोद, मनीष, श्यामलता, हरीश कुमार, पुष्पा, उर्मिला, सीमा, निशा, पूनम आदि उपस्थित रहे।

# महेंद्रगढ़ के 3 परीक्षा केंद्रों पर होगी नीट की परीक्षा: एसडीएम

### नीट परीक्षा को शांतिपूर्ण कराने के लिए प्रशासन सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

एसडीएम योगेश सैनी ने बताया कि आगामी तीन मई को महेंद्रगढ़ के तीन परीक्षा केंद्रों में नीट परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों के लिए दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक परीक्षा संचालित होगी। उन्होंने आगामी नीट परीक्षा को लेकर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। एसडीएम योगेश सैनी ने मंगलवार को महेंद्रगढ़ में निर्धारित राजकीय कन्या महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय व राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल महेंद्रगढ़ तीनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने कहा कि परीक्षा केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं, बिजली, पंखे, जैमर, पेयजल, शौचालय और साफ सफाई सहित अन्य उचित व्यवस्था के प्रबंध बारे भी अधिकारी ध्यान रखें। एसडीएम ने अधिकारियों से कहा कि वे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। परीक्षा केंद्रों पर आने वाले विद्यार्थियों की जांच के बाद ही उन्हें प्रवेश की अनुमति दी जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक सामान केंद्र के अंदर न जाए, फ्रिस्किंग टीम इस बात को सुनिश्चित करें कि परीक्षार्थी और स्कूल स्टाफ मोबाइल फोन सहित कोई भी प्रतिबंधित वस्तु भीतर न ले जाएं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएं और अधिकारी स्वयं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लें। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़ न जुटने देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा की परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करना और छात्रों को बिना किसी परेशानी के परीक्षा देने की अनुमति देना महत्वपूर्ण है। इसके लिए, परीक्षा केंद्रों पर पुलिस और अन्य सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, छात्रों के प्रवेश के लिए सुव्यवस्थित प्रक्रिया और परीक्षा के दौरान निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।




**महेंद्रगढ़।** परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

# हैप्पी स्कूल में अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर नृत्य प्रतियोगिता आयोजित



**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस तीन दिवसीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन प्राथमिक विंग प्रभारी ज्योति गर्ग के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विद्यालय उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल तथा प्री प्राइमरी विंग प्रभारी रेखा राघव रहीं। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नृत्य दिवस पर बच्चों का नृत्य के प्रति लगाव व उत्साह देखते हुए कक्षा तीसरी से पांचवीं तक तीन दिवसीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणवी, बॉलीवुड तथा लोकगीतों की धुन पर छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति दी। बच्चों की कला को परखने तथा विजेताओं का चयन करने के लिए चंचल मित्तल व पूजा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मंच संचालन गणित अध्यापिका सुनीता खेड़ा एवं अंग्रेजी अध्यापिका मनीषा शर्मा द्वारा किया गया।

# एबीवीपी ने शिक्षा मंत्री के नाम प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह के माध्यम से हरियाणा के शिक्षा मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में लंबे समय से बंद पड़े छात्रसंघ चुनावों को पुनः प्रारंभ करने की मांग उठाई गई।

ज्ञापन सौंपते हुए एबीवीपी की इकाई अध्यक्ष मोनिका ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव विद्यार्थियों के लिए लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला होते हैं। इन चुनावों के माध्यम से छात्रों में नेतृत्व क्षमता, संगठन कौशल एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से छात्रसंघ चुनाव नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को अपने प्रतिनिधि चुनने के अधिकार से वंचित रहना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि छात्रसंघ चुनावों के अभाव में विद्यार्थियों की समस्याएं प्रभावी रूप से प्रशासन तक नहीं पहुंच पाती हैं, जिससे उनके समाधान में भी कठिनाई आती है। यदि चुनाव नियमित रूप से आयोजित किए जाएं, तो छात्र अपनी समस्याओं को संगठित रूप से रख सकते हैं और उनके समाधान की दिशा में सार्थक पहल हो सकती है। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। इसके जरिए छात्र न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होते हैं, बल्कि समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी समझते हैं। प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि इसे संबंधित उच्च अधिकारियों एवं शिक्षा मंत्री तक पहुंचाया जाएगा और विद्यार्थियों की मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा।



**नारनौल।** प्राचार्य डा. आरपी सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

### जिला न्यायालय में अधिवक्ता चैंबर्स समिति की ओर से हनुमान मंदिर में लगाया भंडारा

# मेहनत की कमाई से दान-पुण्य करना चाहिए : जज नरेंद्र सूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला न्यायालय में अधिवक्ता चैंबर्स समिति की ओर से हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा ने अधिवक्ता चैंबर्स प्रांगण में सांसद निधि से बने वाटर कूलर एवं आरओ का उद्घाटन किया। अधिवक्ता चैंबर्स समिति के प्रधान यशवीर ढिल्लो ने बताया कि कार्यक्रम में हजारों लोगों ने भाग लिया।

जिला भर के न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मचारियों, सिविल सचिवालय के कर्मचारियों व पक्षकारों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा ने कहा कि बार एसोसिएशन की ओर से हनुमान जी के भंडारे का आयोजन सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में मेहनत की कमाई का कुछ हिस्सा दान पुण्य में अवश्य लगाना चाहिए। ऐसा करने से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और ईश्वर भी उसका फल देता है। कार्यक्रम के दौरान स्थानांतरण होकर अन्य स्थानों पर जा रहे न्यायाधीशों को अधिवक्ता चैंबर समिति की ओर से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षाली चौधरी, नितिन राज, विक्रमाजीत, नीलम कुमारी, जतिन गुजराल, गोपाल चौधरी, भुवनेश सैनी, गौरव खटाना, रितु तंवर, प्रवीण कुमार सहित अनेक न्यायाधीश, जिला न्यायवादी रमणीक यादव, सचिन गौतम, दिलावर सिंह व डीएसपी सुरेश कुमार अन्य उपस्थित रहे।



**नारनौल।** न्यायाधीश नरेंद्र सूरा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते अधिवक्ता चैंबर्स समिति सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# अंगदान की नई क्रांति की सूत्रधार बनी स्वास्थ्य मंत्री आरती राव: बाबूलाल पटीकरा

**नारनौल।** हरियाणा की धरती पर एक नई सुबह हुई है। स्वास्थ्य एवं मेडिकल एजुकेशन रिसर्च मंत्री आरती राव ने प्रदेश में अंगदान की जो मुहिम छेड़ी है, उसने दो साल से बंद पड़े इस महादान के द्वार फिर से खोल दिए हैं। उनके प्रयासों से हरियाणा में अंगदान की एक नई क्रांति जागी है। आज प्रदेश का हर युवा, हर बुजुर्ग यह संकल्प ले रहा है कि इस नेक काम के हवन में अपनी आहुति देकर हरियाणा को अंगदान के शपथ-पत्र भरने में देश का नंबर-1 राज्य बनाएंगे। यह बात मार्केट कमेटी चेयरमैन बाबूलाल पटीकरा ने कही। उन्होंने कहा कि जब पूरे देश में अंगदान की दर 0.86 प्रति मिलियन थी और हरियाणा 0.5 से भी नीचे था, तब आरती राव ने स्वास्थ्य मंत्री का पद संभालते ही सबसे पहले इसी मुहिम को अपना मिशन बनाने की ठानी थी। उन्होंने कहा था कि मौत अटल है, लेकिन हम तय कर सकते हैं कि हमारी मौत भी किसी के जीवन का कारण बने। यही सोच लेकर वे कार्य कर रही थी, गत दिनों आरती राव के पीजीआई रोहतक के दौरे पर उन्होंने अंगदान को बढ़ावा देने ले लिए चिकित्सकों को प्रोत्साहित किया और उन्हें आमजनता का जीवन बचाने की अपील की। आरती राव के प्रोत्साहन का ऐसा असर हुआ कि पीजीआईएमएस रोहतक में एक महीने में रिकॉर्ड तीन अंगदान हुए। प्रदेश ने पहली बार अंग एयरलिफ्ट करवाकर एक इतिहास बनवा दिया। यह सब आरती राव की इच्छाशक्ति व लगातार मॉनिटरिंग का नतीजा है।



चैयरमैन बाबूलाल पटीकरा।